बिहार में 4.28 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य : मंत्री

एक पेड़ मां के नाम से वन महोत्सव की शुरुआत

फुलवारीशरीफ | फुलवारीशरीफ प्रखंड की कुरकुरी पंचायत के पंचायत भवन में मंगलवार को वन महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने पौधरोपण कर किया। उन्होंने कहा कि 17 फीसदी वन क्षेत्र करने का लक्ष्य है। बिहार का जब बंटवारा हुआ था। उस समय मात्र 7 फीसदी हरियाली थी। एनडीए की सरकार आने पर यह 15 फीसदी हो गया है। अब इसे 17 फीसदी करने का लक्ष्य रखा गया है। पहाड़ों पर ड्रोन-हेलिकॉप्टर से सीड बॉल को फेंका जाएगा। मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार में 4 करोड़ 28 लाख पौधे हम लोग लगाने जा रहे हैं। इसमें किसान भाइयों और जीविका दीदी से भी मदद ली जाएगी। दक्षिण बिहार में जो पहाड़ बिन पेड़ों के हैं, उन पहाड़ों पर भी सीड बॉल को फेंका जाएगा। सीड बॉल के माध्यम से वन क्षेत्र को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण पूरी दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है। हर पंचायत के हर वार्ड में कम से कम 5 पेड़ लगाने का लक्ष्य है। इस मौके पर बायोडायवर्सिटी बोर्ड के चेयरमैन भारत ज्योति, सेक्रेटरी कुमार गणेश, ज्वाइंट डायरेक्टर हेमकांत राय, डीएफओ गौरव ओझा, मुखिया रवि कुमार, कुरकुरी जैव विविधता समिति के अध्यक्ष राजू कुमार, नरेश प्रसाद समेत प्रखंड स्तर के अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।